परिशिष्ट 'अ' [20/3/2025]

(12)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय गोविंद
प्रश्न सं. [क्र. 2364]
स्नातक महाविद्यालय सेंवड़ा जिला दतिया म.प्र.

क्रमांक 1482/24/स्था./ 2025 सेंवड़ा दिनांक : 07.01.2025

प्रति,

आयुक्त महोदय,
उच्च शिक्षा
सतपुड़ा भवन भोपाल म.प्र.

आज प्राप्त
2/1/25

विषय :- शासकीय गोविंद स्नातक महाविद्यालय सेवड़ा जिला दतिया म.प्र. के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटित करने बावत।

संदर्भ :- आपके कार्यालय का पत्र क्रमांक 620/04/मुमं/आउषि/निर्माण/2024 ग्वालियर दिनांक 08.08.2024

--00--

आयुक्त उच्च शिक्षा का पत्र क्रमांक 620/04/मुमं/आउशि/निर्माण/2024 दिनांक 08.08.2024 नवीन भवन निर्माण के संबंध में है। इस विषय में लेख है कि, वर्तमान में महाविद्यालय जिस भवन में संचालित है। उसमें लगभग 3700 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध है, जिसमें से 1400 वर्ग मीटर में भवन निर्मित है। इस भवन में कला एवं स्ववित्तीय आधार पर स्नातक विज्ञान की कक्षाएं संचालित हैं। इस भवन में 06 कक्ष अध्यापन हेतु उपलब्ध हैं, जिनकी बैठक क्षमता 40 छात्र प्रति कक्ष है। महाविद्यालय में पंजीकृत कुल 799 विद्यार्थी अध्ययनरत है।

2. महाविद्यालय में पंजीकृत कुल 799 विद्यार्थियों हेतु 20 कक्ष अध्यापन हेतु आवश्यक हैं। एक लायब्रेरी की बिल्डिंग भी जीर्णशीर्ण हालत में हैं जिसे नया बनाया जाना होगा। इसके अतिरिक्त एक वाचनालय, चार लैब, लेखाशाखा हेतु एक कक्ष, तीन अन्य कक्ष, एक प्राचार्य कक्ष, एक कम्प्यूटर कक्ष, एक खेल विभाग हेतु कक्ष, एक कॉमन रूम, एक परीक्षा कक्ष, एक कक्ष भोज विवि अध्ययन केन्द्र हेतु, 13 विषय हेतु विभाग कक्ष, एक सेमिनार हॉल एक मीटिंग हॉल एवं एक स्मार्टक्लास हेतु हॉल, कम्प्यूटर लैब हेतु हॉल आवश्यक हैं, जो वर्तमान में संचालित महाविद्यालय की खाली भूमि पर निर्माण होना सम्भव नहीं है।

3. इस प्रकार महाविद्यालय के लिंए कंडिका 2 अनुसार अतिरिक्त नवीन भवन निर्माण की आवश्यकता है एवं इसके लिए पृथक भूमि आवंटित किये जाने आवश्यकता है।

अत: अभी पीडब्ल्यूडी/पीआईयू से अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु प्राक्कलन प्राप्त करने की कार्यवाही अभी सम्भव नहीं है। भूमि आवंटन के पश्चात ही आगामी कार्यवाही सम्भव होगी।

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय गोविन्द महाविद्यालय
सेंवढ़ा (दतिया) म.प्र.

क्रमांक 1483/ 24 /स्था/2025 सेंवड़ा, दिनांक 07/01/2025

प्रतिलिपि-

1. श्रीमान अतिरिक्त संचालक, महो. उच्च शिक्षा ग्वालियर संभाग की ओर प्रेषित्।
2. श्रीमान प्राचार्य, शासकीय अग्रणी पीजी महाविद्यालय दतिया की ओर प्रेषित्।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
उच्च शिक्षा विभाग,

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय गोविन्द महाविद्यालय
सेंवढ़ा (दतिया) म.प्र.